P372

आरएनआई – एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, बुधवार 29 अप्रैल 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 156

■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com


dainikindoresanket

dainikindoresanket

dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...






पश्चिम बंगाल के द्वितीय चरण के लिए आज मतदान के दौरान महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही है। खबर लिखे जाने तक 22 प्रतिशत वोटिंग होने का अनुमान जताया जा रहा हैं।



# गौतम पार्क कॉलोनी : जिम्मेदार जागे

## 7 दिन में जमा करना होगा 22 लाख टैक्स

### गौतम पार्क कॉलोनी का टैक्स समय पर जमा नहीं हुआ तो होगी कानूनी कार्यवाही

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत** गौतम पार्क कॉलोनी के बकाया टैक्स को लेकर गौतमपुरा नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों ने कमर कस ली। सॉफ्ट कार्नर रियलेटस प्रा.लि. तर्फे रियाज पटेल को नोटिस जारी कर लाखों का बकाया टैक्स 7 दिन में जमा करने के निर्देश दिए हैं। तय समय सीमा पर टैक्स जमा नहीं होने पर कानूनी एवं वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि देपालपुर '**दैनिक इंदौर संकेत**' के प्रतिनिधि द्वारा बकाया टैक्स को लेकर प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की गई थी। नगर परिषद सीएमओ मयूरी वर्मा ने संज्ञान लेकर कॉलोनाइजर को नोटिस जारी कर टैक्स जमा करने के निर्देश दिए। इतना ही नहीं गौतम पार्क कॉलोनी अबतक नगर परिषद के हैंडओवर नहीं की गई है।

सूत्र बताते हैं कि कॉलोनाइजर रियाज पटेल नगर परिषद को टैक्स नहीं देना चाहते यह टैक्स सालों से बकाया है, कई बार टैक्स वसूली के लिए कॉलोनाइजर से संपर्क भी किया गया, लेकिन कॉलोनाइजर ने नगर परिषद अधिकारियों के फोन नहीं उठाए।



गौतम पार्क कॉलोनी के कॉलोनाइजर का बड़ा खेल उजागर

कॉलोनाइजर ने नहीं जमा किया 13 लाख रुपए का टैक्स, सरकार को लगाया लाखों का चूना

खबर वह जिसका हो असर

टैक्स की धोखाधड़ी केवल नगर परिषद के साथ नहीं सरकार के साथ भी की गई, देखा जाए तो राजस्व विभाग को लाखों रुपए का चूना कॉलोनाइजर ने लगाया है, लेकिन मालवा में एक कहावत है 'देर आए दुरुस्त आए', लेकिन अब टैक्स वसूल करके ही जाएंगे। सूत्रों के अनुसार '**दैनिक इंदौर संकेत**' में खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने इस मामले में संज्ञान लिया है।

इधर कॉलोनी की आम जनता अब मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। ना पानी की व्यवस्था है, ना पानी निकासी की व्यवस्था। ड्रेनेज का काम 10 साल में आज तक नहीं हुआ। रहवासी कॉलोनाइजर को फोन लगा लगाकर थक गए, लेकिन आज तक उनकी सुनवाई नहीं हुई। पहले भी कई बार गौतम पार्क कॉलोनी की शिकायत हुई, लेकिन कॉलोनाइजर के रसूख के आगे जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही नहीं कर पाए। इतना ही नहीं कॉलोनी में बिजली व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कॉलोनी में ना ट्रांसफार्मर है और ना डीपी। पहले भी बिजली के चोरी के प्रकरण बने हुए हैं, जिसका भुगतान आज तक नहीं किया गया। जानकारी में पता चला कॉलोनी के रहवासी ने बिजली व्यवस्था को लेकर कलेक्टर के समक्ष शिकायत की है, जिसमें रियाज पटेल, लव पाल, अनुज दुबे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के बाद कलेक्टर कार्यालय से कारण बताओं नोटिस जारी किया। कॉलोनाइजर को उपस्थित होकर जवाब देना है।

**इनका कहना**

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गगन बाहेती ने बताया कि गौतम पार्क कॉलोनी के बकाया टैक्स की जानकारी अखबारों के माध्यम से मुझे मिली है। मैंने बकाया टैक्स की जानकारी निकलवाकर कॉलोनाइजर को नोटिस जारी करने के लिए कहा है, जल्द से जल्द कॉलोनाइजर से हम टैक्स जमा करवाने का प्रयास करेंगे।

नगर परिषद सीएमओ मयूरी वर्मा ने बताया कि गौतम पार्क कॉलोनी का 2014 से 20 लाख से अधिक का टैक्स बकाया है, जिसकी वसूली के लिए प्रतिवर्ष हम नोटिस जारी करते हैं, लेकिन कॉलोनाइजर ने आज तक टैक्स जमा नहीं किया। आज फिर हमने बकाया टैक्स के लिए नोटिस जारी किए हैं। 7 दिन का समय दिया है, तय समय सीमा पर टैक्स जमा नहीं हुआ तो हम तहसीलदार महोदय के माध्यम से कानूनी कार्यवाही करेंगे।

## हेलमेट नियम और जनभावना के बीच संतुलन की चुनौती

**अक्षय की बात**
**अपनों के साथ**



इंदौर सहित प्रदेश के कई शहरों में हेलमेट अनिवार्यता को लेकर इन दिनों चर्चा तेज है। विशेष रूप से भीषण गर्मी के बीच सख्त चालानी कार्रवाई ने आम नागरिकों में असहजता पैदा कर दी है। सड़क सुरक्षा के उद्देश्य से बनाए गए इस नियम की उपयोगिता पर किसी को संदेह नहीं है, लेकिन इसके क्रियान्वयन के तरीके और समय को लेकर जनता के मन में सवाल जरूर उठ रहे हैं।

हेलमेट पहनना जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। हर साल सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन चालकों की जान केवल सिर पर चोट लगने से चली जाती है। ऐसे में हेलमेट नियम का उद्देश्य स्पष्ट है—जीवन की रक्षा। लेकिन जब यही नियम 43 डिग्री के आसपास पहुंचते तापमान में सख्ती से लागू किया जाता है, तो आम आदमी की परेशानी भी उतनी ही वास्तविक हो जाती है। लंबे समय तक धूप में हेलमेट पहनकर चलना कई लोगों के लिए शारीरिक रूप से कष्टदायक बन जाता है, खासकर बुजुर्गों, डिलीवरी बॉय, मजदूरों और रोज़मर्रा के कामकाजी लोगों के लिए।

एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि सड़क सुरक्षा केवल हेलमेट तक सीमित नहीं है। शहर की सड़कों की स्थिति, ट्रैफिक प्रबंधन, अवैध पार्किंग, और भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही भी दुर्घटनाओं के बड़े कारण हैं। यदि इन मुद्दों पर समान रूप से ध्यान दिया जाए, तो जनता को यह महसूस होगा कि सुरक्षा एक समग्र प्रयास है, न कि केवल चालानी कार्रवाई तक सीमित।

इस परिस्थिति में जरूरत है संतुलित दृष्टिकोण की। प्रशासन को चाहिए कि वह कठोरता के साथ-साथ संवेदनशीलता भी दिखाए। गर्मी के मौसम में समय-आधारित छूट, बेहतर गुणवत्ता के वेंटिलेशन वाले हेलमेट को बढ़ावा, और जनजागरूकता अभियानों के जरिए लोगों को स्वेच्छा से नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

**अंततः, सड़क सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। लेकिन इसे लागू करने का तरीका ऐसा होना चाहिए, जिसमें नियमों की मजबूती के साथ-साथ जनता की सुविधा और परिस्थितियों का भी पूरा ध्यान रखा जाए। जब नियम और संवेदनशीलता साथ चलते हैं, तभी व्यवस्था पर विश्वास मजबूत होता है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है।**

# हर दिन 50 बोरिंग तोड़ रहे दम, 1300 रुपए में बिक रहा पानी का टैंकर

### इन सबके बावजूद अफसर और नेता बोल रहे- शहर में जलसंकट नहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** शहर में हर दिन 50 बोरिंग सूखने के कारण जलसंकट बरकरार है, जिसके चलते पानी का एक टैंकर 1,300 रुपए में बिक रहा है। इंदौर नगर निगम वर्तमान में जलसंकट के दौर से गुजर रहा है। इसके बावजूद अफसर, नेता कह रहे हैं कि जलसंकट नहीं है, वाटर सप्लाई पर पूर्ण नियंत्रण है, लेकिन इंदौर की जमीनी हकीकत कुछ और ही है, क्योंकि यहां जमीन के नीचे से पानी सूख चुका है।

भूजल विशेषज्ञ सुधीन्द्र मोहन शर्मा के अनुसार... जल स्तर 500 फीट नीचे जा चुका है। महालक्ष्मी नगर, सांईकृपा, तुलसी नगर, बाणगंगा, बड़ा बांगड़दा, निरंजनपुर, निपानिया, बिचौली मर्दाना सहित इंदौर के 80 प्रतिशत क्षेत्रों में बोरिंग सूख रहे हैं। नर्मदा का सप्लाई कम दबाव से हो रहा है, टंकियां पूरी नहीं भर पा रही हैं, जबकि जलकार्य समिति के प्रभारी कह रहे हैं कि टंकियां पूरी भर रही हैं। इसके बाद भी पानी के टैंकरों की डिमांड कम नहीं हो रही है। शहर में जल आपूर्ति की जिम्मेदारी निभाने वाले अफसर प्रताप बुंदेला और नरेश कुमार शहर की स्थिति सामान्य मान रहे हैं। पानी की डिमांड के चलते निगम ने 120 पानी के नए टैंकर किराए पर लिए हैं।

नगर निगम जलकार्य समिति प्रभारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि जल संकट नहीं है। नर्मदा के जलूद पंपिंग स्टेशन से इंदौर में 450 एमएलडी पानी प्रतिदिन छोड़ा जा रहा है, जिससे 105 टंकियां भर रही हैं। आवश्यकता पड़ने पर टैंकरों की संख्या बढाई जाएगी। छावनी क्षेत्र में कम प्रेशर से पानी पहुंच रहा है, जिसके कारण नर्मदा का पानी नहीं मिल रहा। स्कीम नंबर 54 के निवासी दीपक जैन ने बताया कि नर्मदा का पानी 10 से 15 मिनट तक ही आता है।



**शहर में 498 टैंकरों से हो रही पानी की सप्लाई**

100 टैंकर नगर निगम के स्वामित्व वाले हैं। कुल 498 पानी के टैंकरों से इस समय शहर में पानी की सप्लाई हो रही है। हर साल मई और जून माह में 500 टैंकरों की जरूरत पड़ती थी, लेकिन इस वर्ष अप्रैल खत्म होने से पहले ही 500 टैंकर अटैच किए जा चुके हैं। इतनी बड़ी संख्या में टैंकर पहले 15 मई से जून के बीच अटैच होते थे। सूत्रों के मुताबिक जून में निजी टैंकरों की संख्या रिकॉर्ड तोड सकती है। यह लगभग 600 के करीब पहुंच सकती है।

# आज सीएम करेंगे 60 मेगावॉट सोलर प्लांट का लोकार्पण

### जलूद में तैयार 271.16 करोड़ की लागत से प्लांट, हर महीने 4 से 4.50 करोड़ बिजली की बचत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** जलूद क्षेत्र में स्थापित 271.16 करोड़ रुपए की लागत से 60 मेगावॉट क्षमता वाले सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण 29 अप्रैल को सीएम डॉ.मोहन यादव जलूद में करेंगे। शाम 4.30 लोकार्पण किया जाएगा। इस मौके पर मंत्री, सांसद, विधायक, एमआईसी मेंबर, पार्षद सहित कई लोग शामिल होंगे।



महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि सोलर प्लांट ट्रायल के दौरान इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं और मार्च महीने में ही पंपिंग स्टेशन के बिजली खर्च में लगभग 3.64 करोड़ रुपए की बचत दर्ज की गई है। अनुमान है कि आने वाले समय में यह बचत और बढ़ेगी।

वर्तमान में नगर निगम हर महीने केवल जलूद से पानी की सप्लाई और पंपिंग सिस्टम के लिए बिजली पर करीब 22 से 25 करोड़ रुपए खर्च करता है। सोलर ऊर्जा के उपयोग से बिजली खर्च में हर महीने 4 से 4 .50 करोड़ से अधिक की बचत होगी बचत जिससे खर्च में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इंदौर देश का पहला नगरीय निकाय बन गया है, जिसने ग्रीन बॉन्ड के माध्यम से 244 करोड़ रुपए जुटाकर इस सोलर प्लांट की स्थापना की है। महापौर ने बताया कि सौर ऊर्जा के बढ़ते उपयोग से नगर निगम का बिजली बिल लगातार कम होगा और जल आपूर्ति जैसी आवश्यक सेवाएं अधिक भरोसेमंद बनेंगी। यह 60 मेगावॉट क्षमता का सोलर प्लांट भारत सरकार की CPSU योजना के अंतर्गत तैयार किया गया है, जो शहर को स्वच्छ और सस्टेनेबल ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# इंदौर में बूथ फतह के लिए फिर बनेगी 'पंच-परमेश्वर' कमेटी



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** आगामी चुनावों की आहट के बीच भारतीय जनता पार्टी ने जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। बूथ स्तर पर पकड़ मजबूत करने के लिए पार्टी अब ग्रामीण क्षेत्रों में नए सिरे से संगठनात्मक ढांचा तैयार कर रही है। मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद नई संख्या के आधार पर शक्ति केंद्रों का पुनर्निर्धारण किया जाएगा, वहीं निष्क्रिय इकाइयों में नए चेहरों को जिम्मेदारी दी जाएगी।

**भाजपा की नई रणनीति : बूथ से चुनाव तक तैयारी**-ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद बूथों की संख्या बढ़कर 1113 हो गई है। हर 5 से 7 बूथों को मिलाकर एक शक्ति केंद्र बनाया जाता है, जहां प्रभारी नियुक्त होता है। फिलहाल शक्ति केंद्रों की संख्या करीब पौने दो सौ है, लेकिन अब नए सिरे से सीमांकन होगा। पार्टी ने पंच-परमेश्वर कमेटियों के पुनर्गठन का फैसला लिया है। जिन बूथों पर समितियां निष्क्रिय हैं या कार्यकर्ता सक्रिय नहीं हैं, वहां नए और ऊर्जावान चेहरों को मौका दिया जाएगा।

पंच-परमेश्वर कमेटी में 5 प्रमुख सदस्य संयोजक, सहसंयोजक, प्रभारी, हितग्राही प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी शामिल किए गए।

# जहां 100% आबादी मुस्लिम, वहां जीती हिंदू महिला

**गोधरा (एजेंसी) ●** गुजरात के गोधरा शहर ने अपने नगरपालिका चुनावों में एक अप्रत्याशित और ऐतिहासिक चुनावी परिणाम के बाद पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया है। गोधरा नगरपालिका के वार्ड नंबर 7 में हिंदू निर्दलीय उम्मीदवार अपेक्षा बेन सोनी ने भारी बहुमत से जीत हासिल की, जबकि इस वार्ड में 100% मुस्लिम मतदाता हैं। इस जीत की खास बात यह है कि उम्मीदवार का नाम वार्ड की मतदाता सूची में नहीं है और वह इलाके में रहती भी नहीं है। इसके बावजूद, वार्ड के मतदाताओं ने कथित तौर पर धार्मिक पहचान के बजाय विकास प्राथमिकताओं के आधार पर उनकी उम्मीदवारी का समर्थन किया। अपेक्षा सोनी का मानना है कि गोधरा में अतीत में कई दंगे हुए हैं, लेकिन इस बार मुस्लिम समुदाय ने उन पर भरोसा जताकर और उनकी चुनावी जीत सुनिश्चित करके सांप्रदायिक सद्भाव का एक शानदार उदाहरण पेश किया है।

# 7 मई को कांग्रेस करेगी चक्काजाम

### किसानों के मुद्दों पर कांग्रेस का बड़ा आंदोलन



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल ●** किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेस बड़ा आंदोलन करने जा रही है, जिसमें सभी जिलों के अध्यक्ष शामिल होंगे। पार्टी ने निर्णय लिया है कि 7 मई को मुरैना से सेंधवा तक आगरा-मुंबई रोड पर जगह-जगह चक्काजाम किया जाएगा, ताकि सरकार का ध्यान किसानों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया जा सके। यह मार्ग मुरैना से इंदौर होकर नेशनल हाईवे के माध्यम से सेंधवा को जोड़ता है। इंदौर में आंदोलन के लिए स्थान तय किया जा रहा है, संभावना है कि बायपास पर किसान एकत्र होकर चक्काजाम करेंगे। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सभी जिलाध्यक्षों से आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सरकार किसानों की उपज खरीदने में विफल रही है और अब भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। एमएसपी पर गेहूं खरीदी न होने का मुद्दा भी उठाया जाएगा। आरोप है कि तय कोटे के अनुसार गेहूं की खरीदी नहीं की गई, जिससे किसानों को मजबूरी में व्यापारियों को नुकसान में उपज बेचनी पड़ी। इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने बड़े स्तर पर आंदोलन की तैयारी की है, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में किसान भी शामिल होंगे।

न्यूज ब्रीफ

### बिजली कंपनी के एमडी सिंह ने सिंहस्थ के कार्य देखे, मिटिंग ली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने मंगलवार दोपहर उज्जैन में सिंहस्थ को लेकर अधिकारियों की मिटिंग लेकर गुणवत्ता, समयपालन, आपूर्ति सुधार इत्यादि को लेकर निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता कार्य एसएल करवाड़िया, उज्जैन के मुख्य अभियंता बीएल चौहान, डीएस चौहान, आशीष आचार्य, संयुक्त सचिव तरूण उपाध्याय, उज्जैन के अधीक्षण अभियंता विनोद मालवीय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सिंह ने शाम को नए ट्रांसफार्मर, परेशवाई मार्ग, नानाखेड़ा में बन रहे नए 33/11 केवी सब स्टेशन का कार्य देखा। शंकरपुर स्थित प्रशिक्षण संस्था, क्षेत्रीय भंडार का भी निरीक्षण किया। सिंह ने प्रशिक्षण केंद्र एवं भंड़ार के संचालन में नियमों के अक्षरश: पालन पर जोर दिया।

### आचार्य विशुद्ध सागरजी का प्रथम पट्टाचार्य पदारोहण दिवस 30 अप्रैल को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्रंमण संस्कृति के महामहिम पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज का प्रथम पट्टाचार्य पदारोहण दिवस 30 अप्रैल को आचार्य श्री के ससंघ सानिध्य में दिगंबर जैन तीर्थ करगुवांजी (झांसी) में मनाया जाएगा। इस अवसर पर समय देशना ग्रंथ ग्रंथ के 17 वे भाग का विमोचन भी होगा।



धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि गुरुवार 30 अप्रैल 2026 को आचार्य विशुद्ध सागर जी का प्रथम पट्टाचार्य पदारोहण दिवस संपूर्ण भारत में भी उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

# शराब दुकानों पर अब लगेंगे क्यूआर कोड, रुकेगी मनमानी

## महंगी शराब बेची तो निरस्त होगा ठेका लाइसेंस, 7 मई तक चलेगा आबकारी विभाग का विशेष अभियान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● प्रदेश में अब कहीं भी एमआरपी से ज्यादा और एमएसपी से कम कीमत पर शराब नहीं बिक सकेगी। इस व्यवस्था को प्रभावी करने के लिए आबकारी विभाग ने राजधानी सहित प्रदेश की सभी शराब दुकानों पर ई-आबकारी पोर्टल द्वारा जनरेटेड क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य कर दिया है। इसे स्कैन करते ही उपभोक्ता के मोबाइल पर संबंधित जिले की शराब की रेट लिस्ट खुल जाएगी। प्रदेश की शराब दुकानों पर हो रही मनमानी वसूली को रोकने आबकारी विभाग ने सख्ती करने का फैसला किया है। विभाग ने यह फैसला जिलों में शराब की दुकानों पर एमआरपी से अधिक दाम में शराब बेचने के साथ एमएसपी से कम कीमत पर बिक्री करने के मामलों में किया है। विभाग ने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए अब हर मदिरा दुकान पर क्यूआर कोड चस्पा करना अनिवार्य कर दिया है।



### ग्राहक खुद करेंगे ब्रांड की कीमत का सत्यापन

आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने कहा है कि उपभोक्ता मौके पर ही अपने स्मार्टफोन से स्कैन कर ब्रांड की वास्तविक और कानूनी दरों का सत्यापन कर सकेंगे। इसके लिए ही तय किया है कि शराब दुकान पर ई-आबकारी पोर्टल द्वारा जनरेटेड क्यूआर कोड लगाना होगा। इसे स्कैन करते ही उपभोक्ता के मोबाइल पर संबंधित जिले की रेट लिस्ट खुल जाएगी। कोई दुकान संचालक यदि निर्धारित एमएसपी से कम या एमआरपी से ज्यादा पर बिक्री करता है, तो आबकारी नियमों के अंतर्गत उसके विरुद्ध लाइसेंस निरस्त करने जैसी कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### दुकान में प्रमुख स्थानों पर लगेंगे क्यू आर कोड

यह कदम उपभोक्ताओं को पारदर्शी सेवाएं देने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। ई-आबकारी पोर्टल के माध्यम से जिला अधिकारियों को विशेष क्यूआर कोड उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें दुकानों के प्रमुख हिस्सों पर लगाना होगा। कोई लायसेंसी ठेकेदार अगर इन नियमों की अनदेखी करता है या निर्धारित मूल्य से अलग बिक्री करता पाया जाता है, तो उसे भारी दंड का सामना करना पड़ेगा। इस मामले में सख्ती के लिए प्रदेश भर में 28 अप्रैल 2026 से 7 मई 2026 तक एक विशेष 10 दिवसीय जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट 11 मई तक अनिवार्य रूप से सभी जिलो से तलब की गई है। क्यूआर कोड को शराब दुकान के ऐसे स्थानों पर चस्पा किया जाएगा जहां से अधिकतम उपभोक्ता आसानी से स्कैन कर सकें।

# किसान बने गेमर्स, मोबाइल पर अंगूठा घिस रहे, पर स्लॉट बना मिस्टर इंडिया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● बधाई हो! हमारे किसान अब खेती छोड़कर 'गेमर्स' बन गए हैं। पिछले 48 घंटों से कंप्यूटर और मोबाइल पर अंगूठा घिस रहे हैं, पर स्लॉट है कि 'मिस्टर इंडिया' बना हुआ है। सुना था कि डिजिटल होने से काम आसान होगा, यहां तो फसल बेचने के लिए 'फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' खेलना पड़ रहा है। फसल मंडी ले जानी है या चांद पर कम से कम ये तो बता दो। ये पीड़ा और तंज है किसान कमल सिंह तंवर का।

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए वे स्लॉट बुक करने के लिए परेशान हो रहे हैं, लेकिन स्लॉट बुक नहीं हो रहा है। ऐसी ही कहानी राहुल सूर्यवंशी की है। उनका कहना है कि साइट चल नहीं रही। तारीख 9 क्या 20 भी कर दो, तो क्या फायदा सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हो कभी कमेंट भी पढ़ लिया करो महाराज। हवा हवाई सर्वे और हवा हवाई बातें।

अर्जुन चौधरी ने कहा कि ई उपार्जन वाली साइट वाले अधिकारियों को तुरंत सस्पेंड कर दो, जिनकी वजह से सरकार की रोज किरकिरी हो रही है। सोशल मीडिया इन दिनों मध्यप्रदेश के किसानों के ऐसे ही तल्ख कमेंट्स से भरा पड़ा है।

मध्यप्रदेश में एडवांस प्लान से गेहूं खरीदी में किसान बेहाल हैं। स्लॉट बुकिंग फेल हो रही है। वहीं, जिनके स्लॉट बुक हुए हैं, उन्हें भी तौल में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रों पर किसानों की मेहनत सिसक रही है। नर्मदापुरम, उज्जैन, खंडवा, सागर, विदिशा, सीहोर और



रायसेन जिलों में भारी अव्यवस्था है। सरकार के भरोसे के बावजूद केंद्रों पर किसानों को सुविधा नहीं मिल रही है।

सरकार का दावा है कि प्रदेश में अब मध्यम और बड़े वर्ग के 1.36 लाख किसानों ने स्लॉट कराए हैं। 4 लाख 20 हजार किसानों से 17 लाख 82 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है, लेकिन हकीकत इसके उलट है। मध्यम और बड़े तो छोड़िए छोटे किसानों के ही स्लॉट बुक नहीं हो रहे हैं। प्रदेश में गेहूं खरीदी का एडवांस प्लान फिर फेल साबित हुआ है।

समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी में सरकार ने पिछले सालों की परेशानियों से कोई सबक नहीं लिया है नतीजा किसानों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। फर्जीवाड़े पर कसावट के लिए सैटेलाइट इमेजरी सर्वे ने भी किसानों की उलझन बढ़ा दी है। फसल कटाई के बाद खेतों के सर्वे में सैटेलाइट इमेजरी की चूक स्लॉट बुकिंग अटका रही है।



# नदी किनारे बन रही बिल्डिंग पर नगर निगम का बुलडोजर

## एएमओएस, सेटबैक और पार्किंग में बने अवैध निर्माण को तोड़ा, क्षेत्रों में मचा हड़कंप

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● जवाहर मार्ग से चंद्रभागा पुल को जोड़ने वाली नदी किनारे की सड़क पर मंगलवार सुबह नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक निर्माणाधीन बिल्डिंग के अवैध हिस्सों को तोड़ दिया। कार्रवाई सुबह उजाला होते ही शुरू हो गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

भवन अधिकारी गीतेश वर्मा के अनुसार साउथ तुकोगंज स्थित प्लॉट नंबर 120 पर करीब तीन हजार वर्गफीट जमीन पर जी+ बिल्डिंग का नक्शा रफीक और शफीक शेख के नाम से पास कराया गया था। जांच में पाया गया कि निर्माण नक्शे के विपरीत किया जा रहा था। एएमओएस क्षेत्र में निर्माण कर लिया गया था. सेटबैक भी नहीं छोडा गया था, जबकि पार्किंग के लिए निर्धारित जगह पर भी निर्माण कर लिया गया था। इसी के चलते निगम की रिमूवल टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध हिस्सों को हटाने की कार्रवाई की। रिमूवल प्रभारी बबलू कल्याणे के नेतृत्व में दो पोकलेन मशीनों और बड़ी संख्या में अमले के साथ तोड़फोड़ की गई। कार्रवाई की तैयारी रात से ही शुरू कर दी गई थी।

**एक और निर्माण बिना नक्शे के चलता मिला**–कार्रवाई के दौरान पास में ही एक और निर्माण बिना नक्शे के चलता मिला। निगम ने उसे भी तत्काल ढहा दिया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में यह चर्चा भी रही कि जिस व्यक्ति की बिल्डिंग पर कार्रवाई हुई, उसने नदी किनारे बन रही सड़क के लिए जमीन दी थी। बची हुई जमीन पर बिल्डिंग का नक्शा पास कराया गया था। स्थानीय लोगों के मुताबिक पहली मंजिल पर निकाली गई करीब तीन फीट की हैंगिंग के कारण मामला बिगड़ गया और निगम को रिमूवल करना पड़ा। मौके पर यह चर्चा भी चलती रही कि निर्माण बचाने के लिए काफी कोशिशें हुई, लेकिन आखिरकार बात नहीं बन सकी और निगम ने कार्रवाई पूरी कर दी।

# मंदिर पर कब्जे की साजिश का आरोप, बजरंग दल थाना घेराव कर देगा ज्ञापन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में स्थित प्रगति नगर के पास नर्मदा चौराहे के आगे एक प्राचीन हनुमान मंदिर को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। बजरंग दल ने क्षेत्रीय भाजपा नेताओं, भूमाफियाओं और स्थानीय असामाजिक तत्वों पर मंदिर की जमीन पर कब्जा करने और फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे बेचने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया है।

बजरंग दल के जिला संयोजक विजय कलखोर के अनुसार, जिस भूमि पर यह प्राचीन हनुमान मंदिर स्थित है, वह वर्षों पुरानी आस्था का केंद्र रही है। आरोप है कि कुछ लोग ग्रीन बेल्ट की जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे हैं और मंदिर को हटाने की योजना के तहत वहां स्थापित मूर्ति को भी गलत तरीके से स्थानांतरित करने की कोशिश की जा रही है। संगठन का दावा है कि इस पूरी जमीन को करोड़ों रुपये में बेचने की साजिश रची जा रही है। बताया गया कि 27 अप्रैल की रात कुछ संदिग्ध लोग मंदिर परिसर में पहुंचे और मूर्ति को हटाने का प्रयास किया। हालांकि, स्थानीय रहवासियों के विरोध के चलते वे मौके से भाग निकले। इससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया है। बजरंग दल ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले अज्ञात लोगों द्वारा मंदिर की बिजली सप्लाई भी काट दी गई थी, जिससे श्रद्धालुओं में आक्रोश है। संगठन का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से क्षेत्र का सांप्रदायिक माहौल



खराब हो सकता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

**विजय कलखोर (जिला संयोजक, बजरंग दल) का बयान:** 'यह मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है। कुछ भूमाफिया और असामाजिक तत्व फर्जी कागजात बनाकर मंदिर को हटाने की साजिश रच रहे हैं। यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो बजरंग दल आंदोलन करेगा और मंदिर की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा।'



### पुलिस से कार्रवाई की मांग

आज दोपहर में बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा थाना प्रभारी राजेंद्र नगर को लिखित में शिकायत सौंपकर पूरे मामले में जांच कर आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी अब देखना होगा कि पुलिस इस संवेदनशील मामले में क्या कदम उठाती है और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए क्या रणनीति अपनाती है।

### पुलिस टीम के 28 सदस्यों को कमिश्नर ने किया सम्मानित

# सम्राट-नैतिक अपहरण, फिरौती कांड की गुत्थी सुलझाने वाली पूरी पुलिस टीम को दिया इनाम



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आम नागरिकों के लिए बेहतर पुलिसिंग में बेस्ट परफारमेंस देने वाली पुलिस टीम के सदस्यों को प्रति सप्ताह पुस्कृत किया जाता है। साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के अंतगर्त मंगलवार को पलासिया स्थित कार्यालय में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले 28 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरुस्कार से सम्मानित कर बधाई दी और उन्हें आगे भी ऐसे ही बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**पुरुस्कृत पुलिसकर्मी**–पुलिस थाना पलासिया क्षेत्रांतर्गत नाबालिक बालको के अपरहरण कर फिरौती की मांग करने वाले मामले का खुलासा कर 4 आरोपियो को गिरफ्तार करने व नाबालिक बालको को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द करने मे सराहनीय भूमिका निभाने वाली पूरी पुलिस टीम को सम्मानित किया। इसमें अति पुलिस उपायुक्त जोन 3 रामस्नेही मिश्र, सहायक पुलिस आयुक्त संयोगितागंज तुषार सिंह, टीआई सुरेंद्र सिंह रघुवंशी, प्रआर इमरत यादव, धनराज, सिध्दार्थ थाना पलासिया, आर गौरव सिंह गुर्जर, पंकज चौहान, विकास बछानिया, अंकित दास, थाना राजेंद्र नगर, प्रआर लोकेश गाथे, आर पवन प्रजापत थाना छोटी ग्वालटोली, प्रआर देवेंद्र जादौन, आर राहुल जाट. थाना तुकोगंज, प्रआर कालीचरण, आर संदीप, विजय थाना संयोगितागंज। उनि जयदत्त शर्मा, रणवीर सिंह, आर कृष्ण कुमार त्रिपाठी थाना सदर बाजार एमडी ड्रग्स सहित दो आरोपियो को गिरफ्तार कर 114.33 ग्राम एमडी ड्रग्स जप्त करने में सराहनीय योगदान पर। उनि दीपक जामोद, प्रआर देवी सिंह मीणा, आर जेवेंद्र सिंह गुर्जर थाना परदेशीपुरा. अंधे कत्ल का पर्दाफाश कर आरोपी को गिरफतार करने मे सराहनीय भूमिका निभाने पर। आर श्याम मालवीय, योगेश कुमार जाट थाना जूनी इंदौर दुपहिया वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर 4 दुपहिया वाहन जप्त करने में सराहनीय भूमिका निभाने पर। महिला आर रिंकू थाना यातायात बेहतर यातायात प्रबंधन में सराहनीय भूमिका निभाने पर। लक्ष्मी चौहान थाना यातायात बेहतर यातायात प्रबंधन करने मे सराहनीय भूमिका निभाने पर।

### चोइथराम हॉस्पिटल में जटिल सर्जरी से बचाई युवक की जान

# चोट से क्षतिग्रस्त बड़ी आंत, डायफ्राम और लिवर को विशेषज्ञों ने सफलतापूर्वक किया रिपेयर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● चोइथराम हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों और कौशल का उपयोग कर एक गम्भीर घायल युवक को नया जीवन देने में कामयाबी पाई। जेसीबी से लगी चोट के कारण गंभीर घायल इस युवक को अस्पताल से इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर में लाया गया था। जिस समय मरीज को अस्पताल लाया गया उस समय उसकी नब्ज बहुत तेज थी तथा ब्लड प्रेशर भी बहुत असंतुलित था। मशीन के आघात के कारण अंदरूनी अंगों तक चोट



का प्रभाव हो गया था और शरीर के बाईं तरफ पेट से सीने तक बड़ा घाव था। जिससे बड़ी आंत, लिवर, डायफ्रॉम और स्प्लीन तक क्षति पहुंची थी। डॉक्टर्स की टीम ने तुरंत निर्णय लेते और सक्रियता दिखाते हुए सर्जरी का निर्णय लिया और आधे घंटे में ही सर्जरी प्रारम्भ कर दी गई। अस्पताल में मौजूद अत्याधुनिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर की महीनों एवं सर्जिकल इक्विपमेंट्स का उपयोग कर मरीज की बड़ी आंत, डायफ्रॉम और लिवर को सफलतापूर्वक रिपेयर किया गया।

### एक दिवसीय 'युवा संगम' 4 को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राज्य शासन के निर्देशानुसार इंदौर जिले में युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'युवा संगम' कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला जिला प्रशासन के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 4 मई 2026 को जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला उद्योग केन्द्र परिसर) इंदौर में प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में युवाओं को रोजगार के अवसरों के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया एवं स्वरोजगार योजनाओं संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न रोजगारपरक अवसरों से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक ने बताया कि मेले में अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी।

### पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना' प्रारंभ

# सैन्य बल, पुलिस एवं सुरक्षा सेवाओं में भर्ती हेतु मिलेगा नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य बल, पुलिस, होमगार्ड तथा अन्य समकक्ष सुरक्षा सेवाओं में भर्ती के लिए तैयार करने के उद्देश्य से 'अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं हेतु शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026' प्रारंभ की गई है। योजना के अंतर्गत युवाओं को गुणवत्तापूर्ण नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें सुरक्षा सेवाओं में बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।

सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण इंदौर ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का उद्देश्य अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन एवं कर्तव्यबोध की भावना विकसित करना है। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न सैद्धांतिक विषयों का भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इंदौर जिले में इस योजना के अंतर्गत 100 बालक एवं 100 बालिकाओं का चयन कर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। योजना के तहत चयनित पुरुष प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण अवधि में एक हजार रुपये प्रतिमाह तथा महिला प्रशिक्षणार्थियों को एक हजार एक सौ रुपये प्रतिमाह की दर से शिष्यवृत्ति भी प्रदान की जाएगी।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, बुधवार 29 अप्रैल 2026

न्यूज़ ब्रीफ

### श्रीश्री माता आनंदमयी पीठ पर श्री श्री आनंदमयी मां का 131 वां जन्म महोत्सव आज से

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● एबी रोड स्थित श्री श्री माता आनंद मयी पीठ पर श्री श्री आनंदमयी मां का 131 वां जन्म महोत्सव 29 अप्रैल से प्रारम्भ होगा यह 5 मई तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 7 दिनों तक विभिन्न आयोजन होंगे, देशभर से आए साधु संतो के प्रवचन होंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पीठाधिश्वर स्वामी केदारनाथ महाराज एवं स्वामी परिपूर्णानंद ने बताया कि इस सात दिवसीय महोत्सव की शुरूआत बुधवार को कलश शोभा यात्रा के साथ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चलेगी। उसके बाद दीप प्रज्वलन होगा। कार्यक्रम में श्रीमद् भागवत कथा,वेदांत सम्मेलन एवं शिवशक्ति महायज्ञ के विशेष कार्यक्रम के साथ अनेक अन्य धार्मिक आयोजन भी होंगे।

### शाक्यवार कोरी समाज द्वारा एक मई को बुद्ध जयन्ति मनाई जावेगी

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●शाक्यवार कोरी समाज समीति द्वारा शाक्य मांगलिक भवन परदेशीपुरा पर 1 मई शुक्रवार को शाक्य मुनि तयागत भगवान गौतमबुद्ध का जन्मोत्सव गरिमामई से मनाया जाएगा । समाज के संरक्षक देवी शंकर कोटिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान सभा क्षेत्र के रमेश मेंदोला एवं पार्षद धर्मेन्द्र मौर्य होगे। क्रार्यक्रम शाम 4 बजे से शुरू होगा। सर्व प्रथम भावान गौतम बुद्ध जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ विधि पश्चात सामाजिक चर्चा होगी।समाज के अध्यक्ष हीरालाल सनोटिया एवं समस्त पदाधिकारियां ने समाज बंधुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं । इसके तद पश्चात समाजजन के लिए प्रीति भोज भी रखा गया है ।

### डॉ. आंबेडकर युग सेवा समिति का अनोखा आयोजन



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●डॉ. आंबेडकर युग सेवा समिति ने छोटू महाराज सिनेमा पर 5वीं, 8वीं, 10वीं,12वीं में पास हुए बच्चो के लिए करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे रेनेसा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति स्वप्निल कोठारी, सहायक आयकर आयुक्त राष्ट्रपाल बागड़े, यातायात पुलिस एसीपी लालबहादुर बौद्ध, डॉ. अंकित मेश्राम, रेलवे स्टेशन मास्टर और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराने वाले राजू सैनी, आईटी फील्ड के पुनीत वाधवानी द्वारा बच्चो को शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े करियर के बारे में जानकारी दी गई और उनको प्रेरणा दीप सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान समिति की 'सामाजिक गतिविधियों का सफर' नामक पुस्तक का विमोचन और समिति द्वारा बनाई गई शार्ट फिल्म हेलमेट का प्रदर्शन भी किया गया।

# निर्मला सप्रे मामला : कांग्रेस को कोर्ट से लग सकता है झटका, बाकी विधायकों के साथ सप्रे को भी भेजा व्हिप



**भोपाल (एजेंसी)** ● सागर जिले की बीना सीट से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे के मामले में 29 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। इससे पहले उन्हें एक अहम कानूनी आधार मिला है, जिसका इस्तेमाल वे अपने पक्ष में कर सकती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, सप्रे तर्क दे सकती हैं कि वे अब भी कांग्रेस में हैं और उन्होंने भाजपा जॉइन नहीं की है।यह स्थिति कांग्रेस के एक कदम से बनी है। इसकी वजह से कांग्रेस, खासतौर पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को कोर्ट में झटका लग सकता है।

27 अप्रैल को मप्र विधानसभा के विशेष सत्र के लिए कांग्रेस ने विधायकों को तीन लाइन का व्हिप जारी किया। यह ईमेल से निर्मला सप्रे को भी भेजा गया। इसमें निर्देश था कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संकल्प प्रस्ताव पर वोटिंग होने पर विधायक पार्टी के पक्ष में मतदान करें। सूत्रों के मुताबिक व्हिप के दो मकसद थे-संकल्प पर वोटिंग से एकजुटता दिखाना और सप्रे के अलग वोट करने पर उन्हें भाजपा के साथ बताना। संकल्प से पहले विपक्ष ने अपने अशासकीय प्रस्ताव पर चर्चा की मांग की, जिसमें तत्काल महिला आरक्षण की बात थी। सत्ता पक्ष ने इसे नियमों के आधार पर खारिज किया। इसके बाद सरकार के प्रस्ताव पर 8 घंटे बहस हुई और विपक्ष ने संशोधन पेश किए। बहस के बाद कांग्रेस विधायक और मुख्य सचेतक सोहन वाल्मीक ने संशोधनों पर वोटिंग की मांग की, जिसका उमंग सिंघार ने समर्थन किया।

#### सिंघार ने कहा था- सबूत के तौर पर व्हिप की कॉपियां देंगे

31 मार्च की सुनवाई में सप्रे ने कोर्ट में कहा था कि वे अब भी कांग्रेस में हैं, जिसे रिकॉर्ड में लिया गया। कोर्ट ने उमंग सिंघार से बीजेपी में शामिल होने के ठोस सबूत मांगे। सिंघार पक्ष ने सोशल मीडिया पोस्ट और तस्वीरों का हवाला दिया, लेकिन कोर्ट ने इसे पर्याप्त नहीं माना और 9 अप्रैल तक प्रमाणिक साक्ष्य मांगे। इस पर सिंघार ने व्हिप की प्रतियां सबूत के तौर पर देने की बात कही थी।

#### स्पीकर और उमंग सिंघार के बीच दो घंटे चर्चा हुई

22 अप्रैल को सप्रे को विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष पेश होना था, लेकिन वे नहीं आईं और उनके प्रतिनिधि पहुंचे। इस दौरान अध्यक्ष और उमंग सिंघार के बीच दो घंटे चर्चा हुई। सिंघार ने दलबदल के आरोपों पर कार्रवाई की मांग की और कहा कि उनके पास पर्याप्त प्रमाण हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव से बचना चाहती है।

#### राज्यसभा चुनाव तय करेगा निर्मला बीजेपी की या कांग्रेस की

बीना विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकिट पर चुनाव जीतीं निर्मला सप्रे की पार्टीवार स्थिति राज्यसभा चुनाव में साफ हो सकती है। इन चुनावों में गुप्त मतदान नहीं होता और विधायक को अपना वोट पार्टी प्रतिनिधि को दिखाना होता है। नियम का उल्लंघन करने पर वोट रद्द हो सकता है।

## एक वर्ष में लेब ने किया 12.16 लाख बिजली मीटरों का परीक्षण

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मीटर परीक्षण लेब का कुशलतापूर्वक संचालन कर मीटरीकरण के कार्य में तीव्रता लाई जा रही है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान इंदौर व उज्जैन में एनएबीएल दर्जे की लेब के साथ ही अन्य 12 लेब में कुल मिलाकर 12 लाख सोलह हजार मीटरों का परीक्षण किया गया है। इससे मीटरीकरण को तेजी से बढ़ाया जा रहा है, साथ ही स्मार्ट मीटर की स्थापना के दौरान निकले पुराने में मीटरों का परीक्षण कर उपयोग करने एवं कंपनी की आर्थिक बचत में भूमिका निभाने का कार्य भी किया गया हैं। परीक्षण उपरांत ही शत प्रतिशत मीटर स्थापित किए जाने से उपभोक्ता संतुष्टि में बढ़ोत्तरी एवं शिकायतों में कमी की स्थिति निर्मित हो रही है। कंपनी स्तर पर पोलोग्राउंड इंदौर में नेशनल एक्रेडिएशनल बोर्ड फार टेस्टिंग एंड कॉलिब्रेशन लेबेरेटरीज मान्यता प्राप्त लेब हैं, इसी तरह की उज्जैन में क्षेत्रीय मीटर परीक्षण लेब अत्याधुनिक स्तर की हैं। इसके साथ ही देवास, धार, खंडवा, बडवा़ह, बुरहानपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, बड़वानी नीमच, शाजापुर इत्यादि स्थानों पर अत्याधिक टेस्टिंग बैंचों से सुसज्जित लेब में मीटरों की समय पर टेस्टिंग की जा रही है।

## शिवराज सिंह चौहान से मिला जिन शासन एकता संघ का प्रतिनिधिमंडल; वैशाली शोध संस्थान को बचाने की मांग की

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी की जन्मस्थली वैशाली स्थित 'प्राकृत जैन शास्त्र एवं अहिंसा शोध संस्थान' के अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट को लेकर जिन शासन एकता संघ के संघ नायक राकेश जैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने बिहार सरकार के तुगलकी निर्णय पर गहरी चिंता व्यक्त की, जिसमें संस्थान को उच्च शिक्षा विभाग से हटाकर कला एवं संस्कृति विभाग को हस्तांतरित करने की तैयारी की जा रही है।



**ऐतिहासिक धरोहर को समाप्त करने की बात**- प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को सौंपे ज्ञापन में स्पष्ट किया कि यह संस्थान केवल एक सरकारी कार्यालय नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत का पहला जैन संस्कृति का सरकारी प्राकृत एवं जैन दर्शन शोध संस्थान है। 23 अप्रैल 1956 को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इसकी नींव रखी थी। संघ का आरोप है कि सरकार का यह निर्णय संस्थान की 70 साल पुरानी शोध संस्कृति और अकादमिक पहचान को पूरी तरह समाप्त कर देगा। दद्दू ने कहा कि इन प्रमुख बिंदुओं पर जताई आपत्ति सरकार का तर्क है कि डिजिटाइजेशन के लिए इसे हस्तांतरित किया जा रहा है, जबकि ज्ञापन के अनुसार संस्थान में ऐसी कोई महत्वपूर्ण पांडुलिपियाँ वर्तमान में उपलब्ध नहीं हैं जो इस आधार को पुष्ट करें।

## पक्षियों के लिए 'सकोरे और दाना' वितरण अभियान का आगाज़

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए, पक्षियों के संरक्षण के लिए श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पक्षियों के लिए 5100 सकोरे (मिट्टी के बर्तन) और दाना वितरण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का विधिवत शुभारंभ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल के कर-कमलों द्वारा हुआ। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्ति (महिलाएं) उत्साह के साथ आगे आईं और उन्होंने इस पुनीत कार्य में जुड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज सेवी मदन परमालिया, प्रतिश राजू, जगदीश जोशी और मनोज पाटीदार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। ट्रस्ट का लक्ष्य इस अभियान के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था सुनिश्चित करना है, ताकि बढ़ती गर्मी में उन्हें राहत मिल सके।



## आज से दो दिवसीय नरसिंह जयंती महोत्सव

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● श्री जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा द्वारा 29-30 अप्रैल को आयोजित भगवान नरसिंहदेव के पावन प्राकट्य महोत्सव की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। 29 अप्रैल को छत्रीबाग स्थित प्राचीन लक्ष्मी नरसिंह मंदिर पर 21 विद्वानों के निर्देशन में पोरवाल समाज के हजारों बंधु पंचामृत से भगवान नरसिंह का महाभिषेक कर इस महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। श्री जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा इंदौर की उत्सव समिति के अरुण पोरवाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के आचार्य जगदगुरु स्वामी रामदयाल महाराज के सानिध्य में गुरुवार 30 अप्रैल को सुबह 7 बजे से छत्रीबाग मंदिर से निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा के लिए भी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मंदिर एवं रथ को सजाने के लिए 11 किस्म के 5 क्विंटल फूलों का उपयोग किया गया है।

## पूल पार्टी के संग 'छपाक-छपाक' मस्ती, उत्साह के साथ संपन्न हुई




दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● दिगंबर जैन सोशल ग्रुप इंदौर नगर द्वारा तलावली पाम्स में तृतीय मासिक सभा का आयोजन अनूठी 'पूल पार्टी' थीम के साथ किया। गर्मी के मौसम में आयोजित आयोजन में सदस्यों ने पानी की लहरों के बीच संगठनात्मक चर्चा के साथ मनोरंजन और मेल-मिलाप का आनंद लिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, अपनापन और उमंग का माहौल बना रहा। सदस्यों के आगमन के साथ ही आयोजन स्थल हंसी और ठहाकों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत मनोरंजक गेम्स से हुई, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खान-पान की आकर्षक व्यवस्था ने भी सभी का मन मोह लिया। गरमा-गरम समोसे, पनीर पकोड़े, रसगुल्ले, गोलगप्पे और ठंडी मोजितो ड्रिंक ने आयोजन के स्वाद को और यादगार बना दिया।

## झलकारी बाई की स्मृति को चिरस्थाई बनाना हमारा सौभाग्य होगा - महापौर

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●स्वतंत्रता संग्राम में वीरांगना झलकारी बाई का योगदान आज भी हमें देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम की प्रेरणा देता है, देश के स्वच्छतम शहर और प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी इन्दौर में वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा लगे और उनके नाम पर शहर का प्रमुख चौराहे का नामकरण हो, यह हमारा सौभाग्य होगा, हमने दशहरा मैदान दरगाह चौराहे का नामकरण उनके नाम पर किया है, हमने परिषद में नामकरण का प्रस्ताव भेज दिया है, शीघ्र ही साइन बोर्ड लगाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उक्त आश्वासन इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने महापौर सचिवालय पर कोली/कोरी समाज एवं अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल को दिया।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सॉलिटेयर ग्रुप के युगलों ने बाउल मेडिटेशन और नियॉन थीम एक्वा जुंबा में दर्ज कराई

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●जैन समाज के युवाओं की प्रतिष्ठित संस्था सॉलिटेयर ग्रुप द इनर सर्कल के सदस्यों ने पालदा स्थित एक रिसोर्ट पर अनूठे अंदाज में बुद्ध बाउल मेडिटेशन और नियॉन एक्वा जुंबा के साथ अपनी दावत सजाई। संयोजक गौरव-रिया जैन ने बताया कि बाउल मेडिटेशन में ग्रुप के 35 युगलों ने शिरकत की और इन लम्हों को ऊर्जा और मनोरंजन, मस्ती और धमाल तथा सेवा के संकल्प से यादगार बना दिया। रोचक स्पर्धाओं में सौरभ-रितु बरबेटा ने अपनी शानदार केमेस्ट्री से विजेता का ख़िताब अपने नाम कर लिया। ग्रुप के सदस्य अर्पित-शिल्पा पामेचा और अमन-पायल जैन सहित सभी युगलों ने बुद्ध बाउल की मधुर धुनों पर मेडिटेशन भी किया और आन्तरिक शांति को भी अनुभूत किया। पार्टी की शुरुआत सुबह साउंड हीलिंग से हुई। देर रात तक चले उत्सव में ऋषभ-प्रीति कोठारी, पराग-अंकिता सुराना, अर्पित-स्वीटी जैन, निखिल-नयन बोथरा, वैभव-परिधि, अतुल-आकांक्षा सेठी, मयंक-ऋषिका और सौरभ-शिल्पा भंडारी सहित सभी सदस्यों ने अपने मनोरंजन के साथ ही इस सुबह की शुरुआत साउंड हिलींग और शारीरिक ऊर्जा के लिए नियॉन एक्वा जुंबा के साथ की।



## सम्पादकीय

### ड्यूटी या जोखिम? जनगणना से चुनाव तक, फील्ड में जान गंवा रहे कर्मचारी

पूरे भारत में लू से होने वाली मौतों और काम के बोझ से जुड़े तनाव की घटनाओं के सामने आने के बीच, जनगणना और चुनावी ड्यूटी के दौरान शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया हो, लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव हों या फिर जनगणना जैसे विशेष अभियान, इनका जिम्मा शिक्षकों तथा अन्य विभागीय कर्मियों को दिया जाता है। उन्हें बिना किसी त्रुटि या हड़बड़ी के पूरी सटीकता के साथ इस कार्य को अंजाम देना होता है। मगर इस दौरान उन्हें किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, इस पर शायद ही सरकार और प्रशासनिक स्तर पर पहले कोई चर्चा होती हो या कोई समाधान तलाशने की कोशिश की जाती हो। यानी परिस्थिति जो भी हो, इन कर्मियों को हर हाल में काम पूरा करना होता है। ऐसे में कई बार काम का बोझ या चुनौतीपूर्ण हालात न केवल शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों को बढ़ा देते हैं, बल्कि संबंधित कर्मी की जान तक चली जाती है। ओडिशा में ऐसे ही दो स्कूली शिक्षकों की लू लगने से मौत हो गई, जिन्हें जनगणना के कार्य में नियुक्त किया गया था। खबरों के मुताबिक, अलग-अलग घटनाओं में जब ये शिक्षक घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने के बाद स्कूल लौटे, तो बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। गौरतलब है कि पिछले दिनों मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में तैनात कई खंड स्तरीय अधिकारियों की मृत्यु हो जाने की खबरें आई थीं। पीड़ित पक्षों का दावा था कि काम का अत्यधिक बोझ और मानसिक परेशानी मौत का कारण बना, हालांकि अधिकांश मामलों में आधिकारिक स्तर पर व्यक्तिगत समस्या का ही हवाला दिया गया। चुनाव के दौरान भी इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं। अब देश में जनगणना का कार्य शुरू हुआ है और अभी से ऐसी घटनाएं सामने आने लगी हैं। अगर शिक्षकों की बात की जाए, तो लंबे समय से यह मांग की जाती रही है कि उनकी जिम्मेदारी को शिक्षण कार्य तक ही सीमित रखा जाए, क्योंकि इससे बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। सवाल है कि इस तरह के विशेष सरकारी अभियानों में तैनात किए जाने वाले कर्मियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी और जवाबदेही किसकी है? शासन-प्रशासन को इस बात पर गंभीरता से ध्यान देना होगा कि ऐसे कर्मियों को पेश आने वाली परेशानियों का तत्काल निराकरण किया जाए, ताकि उनकी जान को किसी तरह का खतरा न हो।

# बिहार-नेपाल बॉर्डर पर बहुत कुछ बदल रहा है, रोटी-बेटी के रिश्तों में दरार का डर

नेपाल कहने को अलग देश है लेकिन सीमावर्ती इलाकों में जाइए तो पता नहीं चलता कहां भारत खत्म होता है कि और कहां से नेपाल शुरू। इसकी एक ऐतिहासिक वजह रही है कि दोनों देशों की सीमाएं सामान्य नागरिकों में भेद नहीं करती। यहां के बाजार उनके लिए खुले हैं, वहां के सामान यहां आराम से आते हैं। दरअसल दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ रिश्तों के नीचे यही आवागमन की सुगमता बुनियाद है। लेकिन हाल फिलहाल में कुछ ऐसा हुआ है जिससे इस बुनियाद के दरकने का डर पैदा हो गया है। नेपाल की बालेन सरकार के इस नए फैसलों ने इस 'सहज संबंध' पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दोनों देशों में इस फैसले का विरोध हो रहा है। सीमा पर बढ़ती सख्ती, कस्टम ड्यूटी की वसूली और वाहनों की जब्ती जैसी घटनाओं ने दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति पैदा कर दी है। सीतामढ़ी जिले के भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में हाल ही में जो घटनाएं सामने आईं, उन्होंने इस बदलते माहौल को और स्पष्ट कर दिया है। सोनबरसा प्रखंड के इंदरवा के पास नेपाली सुरक्षाकर्मियों द्वारा भारतीय वाहनों को रोककर जब्त किए जाने से अचानक तनाव फैल गया।

बताया जाता है कि नेपाल जाने वाले भारतीय नागरिकों के वाहनों को रोका गया और कुछ मामलों में अभद्र व्यवहार की शिकायत भी सामने आई। इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। घटना के विरोध में भारतीय पक्ष के लोगों ने भी नेपाल से आने वाले वाहनों को रोक दिया। देखते ही देखते सीमा पर हंगामे जैसी स्थिति बन गई और दोनों तरफ आवाजाही बाधित हो गई।

स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल को हस्तक्षेप करना पड़ा। उनके प्रयासों के बाद नेपाल में जब्त किए गए वाहनों को छोड़ा गया, तब जाकर हालात सामान्य हो सके।दरअसल, यह तनाव केवल एक घटना तक सीमित नहीं है। इसके पीछे नेपाल सरकार का हालिया सख्त कस्टम नियम भी बड़ा कारण बनकर सामने आया है। नेपाल की बालेन सरकार ने पुराने नियम को सख्ती से अनुपालन करा रहे हैं। नेपाल ने नया प्रावधान लागू करते हुए भारत से ले जाए जाने वाले 100 रुपये से अधिक मूल्य के सामान पर कस्टम ड्यूटी अनिवार्य कर दिया है। यह शुल्क 5 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक हो सकता है। इसके चलते भारत-नेपाल से सटे बिहार के इलाके वाले कस्बों के बाजार में मंदी आ गई है। अविनाश कुमार, स्थानीय व्यापारी, मोतिहारी बताते है कि इससे हमारा कारोबार ठप हो जाएगा। हम रोजाना 50-60 हजार का माल नेपाल ले जाते थे। अब 100 रुपये से ऊपर के हर सामान पर ड्यूटी? यह तो लूट



है! पहले खुला व्यापार था, अब सब बंद। हमारा रोजगार छिन जाएगा।''- नए कस्टम शुल्क के गणित को इस प्रकार समझा जा सकता है कि अगर आप रक्सौल बॉर्डर पर 1000 रुपए का सामन खरीदकर नेपाल की ओर जाते हैं तो बॉर्डर पर उस सामान की कीमत कस्टम ड्यूटी चुकाने के बाद बढ़ जाएगी। क्योंकि अगर सामानों की कैटेगरी 15 फीसदी की सीमा में होगी तो उसपर 150 रुपए का सीमा शुल्क लगेगा, 13 फीसदी वैट पर 149।5 रुपए देना होगा। इस तरह 1000 का सामान आपको 1299।5 रुपए में पड़ेगा। यही वजह है कि नेपाल से लोग भारत से सटे बॉर्डर पर खरीददारी को नहीं आ रहे हैं।इस नियम का सीधा असर सीमावर्ती इलाकों के लोगों पर पड़ रहा है, जिनकी रोजमर्रा की जिंदगी दोनों देशों के बाजारों पर निर्भर करती है। पहले जहां लोग बिना रोक-टोक आवाजाही करते थे, अब उन्हें हर छोटे सामान पर भी शुल्क देना पड़ रहा है।

मोतिहारी के व्यापारियों का आरोप है कि नेपाल सरकार ने यह कस्टम नियम 15 अप्रैल से लागू किया है। इसका मकसद अपना स्थानीय उद्योग बचाना और राजस्व बढ़ाना बताया जा रहा है। लेकिन भारत-नेपाल के बीच 1950 की व्यापार संधि में खुला व्यापार का प्रावधान है। व्यापारियों का आरोप है कि नेपाल एकतरफा फैसला ले रहा है।इसलिए हम केंद्र सरकार से अपील कर रहे हैं। यह भारत-नेपाल के बीच 1950 की संधि का उल्लंघन है। अगर नियम नहीं बदला गया तो सीमा पर आंदोलन होगा। नेपाल में भारतीय सामान सस्ता मिलता था, इसलिए बिक्री अच्छी थी। 80% ड्यूटी लगेगी तो कीमतें दोगुनी हो जाएंगी। ग्राहक कौन खरीदेगा?''अररिया जिले के जोगबनी बॉर्डर से लेकर आमबारी तक करीब 28 किलोमीटर के क्षेत्र में इस नियम का असर धीरे-धीरे दिखने लगा है। हालांकि फिलहाल भीड़ कम है, लेकिन व्यापारियों में चिंता बढ़ती जा रही है।स्थानीय व्यापारियों का यह भी कहना है कि अगर यह नियम लंबे समय तक जारी रहा, तो उनके कारोबार पर गंभीर असर पड़ेगा। ग्राहक कम होंगे और सीमावर्ती बाजारों की रौनक खत्म हो सकती है। नेपाल बॉर्डर पर आने वाले ज्यादातर ग्राहक नेपाली थे, जिन्हें कम कीमत में सामान मिल रहा था। मोतिहारी के रक्सौल बॉर्डर पर भी स्थिति अलग नहीं है। यहां से नेपाल के बीरगंज तक रोजाना बड़ी मात्रा में सामान जाता था, लेकिन अब व्यापार लगभग ठप होने की कगार पर है।व्यापारियों का कहना है कि 100 रुपये से ऊपर हर सामान पर टैक्स लगने से लागत बढ़ जाएगी और ग्राहक खरीदारी से पीछे हट जाएंगे। इससे छोटे व्यापारियों और मजदूरों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। फिर नेपाल से कटे बिहार के कुछ जिलों में नेपाली वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर रोक लगा दी गई है। इससे सीमावर्ती इलाकों में लोगों को बहुत तकलीफ हो रही है। दरअसल नेपाल में पेट्रोल की कीमत 31 रुपये ज्यादा है। रोक के पीछे वजह बताई जा रही है कि यहां से पेट्रोल-डीजल की तस्करी हो रही है। हालांकि, आपात स्थिति में 50 से 100 रुपये की पेट्रोल-डीजल देने की इजाजत है। अररिया, किशनगंज में सीमा से सटे पेट्रोल पंप काफी हद तक नेपाली खरीदारों से भरे रहते थे। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। नेपाल वैसे भी पेट्रोल-डीजल के लिए भारत पर बहुत निर्भर रहता है लेकिन ईरान युद्ध के कारण स्थिति और विकट हो गई है। नेपाल में पिछले कुछ दिनों में कई बार दामों में इजाफा हुआ है। ऊपर से भारत में रोक लग जाने से नेपाली बहुत परेशान हैं। अब वहां के नेता मदद की गुहार लगा रहे हैं। नेपाल की महिला नेता ममता शर्मा पीएम मोदी को एक चिट्ठी भी लिखी है, जिसमें उन्होंने नेपाल और भारत के ऐतिहासिक रिश्तों की याद दिलाई है। बालेन सरकार का तर्क है कि यह कदम स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने और राजस्व बढ़ाने के लिए उठाया गया है। लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर आम लोगों और छोटे कारोबारियों पर ज्यादा दिखाई दे रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और नेपाल के बीच 1950 की संधि के तहत खुले व्यापार और आवागमन की जो परंपरा रही है, उस पर इस तरह के एकतरफा फैसले असर डाल सकते हैं।

चूंकि भारत और नेपाल सिर्फ बॉर्डर नहीं हैं बल्कि संबंधों की डोर है। सबसे बड़ी चिंता 'रोटी-बेटी' के उस रिश्ते को लेकर है, जो वर्षों से दोनों देशों को जोड़ता आया है। सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों के पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक संबंध दोनों तरफ फैले हुए हैं।: अगर इसी तरह सख्ती और नियम बढ़ते रहे, तो यह संबंध केवल कागजों तक सिमट कर रह सकता है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में जरूर है, लेकिन आने वाले दिनों में यह मुद्दा भारत-नेपाल संबंधों के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है।

सवाल यह भी है कि भारत के हाथ से नेपाल छूटा तो क्या होगा ? कुल मिलाकर युद्ध हो रहा है ईरान-अमेरिका-इजरायल में और लकीरें खिंच रही हैं भारत-नेपाल बॉर्डर पर। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो भी मजबूरियां हो लेकिन इससे सीमा के दोनों तरफ आम लोगों को इससे दुश्वारियां हो रही हैं। ये इलाका ऐसा रहा है जहां सीमा के आर-पार रोटी-बेटी का रिश्ता है। दोनों इलाके पूरी तरह से एक दूसरे पर निर्भर करते हैं। खान-पान, बोल चाल, परंपराएं सब एक जैसी है। लेकिन अब ये सब अस्त व्यस्त हो रहा है। नेशनल लेवल पर ये भी ख्याल रखना चाहिए कि जैसे ही भारत के हाथ से नेपाल छूटता है, चीन उसके लिए बाहें फैला कर खड़ा रहता है। भारत के विदेश मंत्रालय ने संज्ञान लेते हुए अपनी कार्यवाही की व बताया कि 'हमने एक वरिष्ठ नेपाली अधिकारी का यह बयान भी देखा है कि निजी इस्तेमाल के लिए घरेलू सामान ले जा रहे आम लोगों को नहीं रोका जाएगा।'भारत के बिहार राज्य की सीमा नेपाल से लगती है। ऐसे में नेपाल के लोग बिहार आकर अपनी जरूरत का सामान ले जाते थे। अब विदेश मंत्रालय के बयान से साफ है कि निजी इस्तेमाल के लिए सामान ले जाने वाले लोगों को बिहार बॉर्डर पर नहीं रोका जाए। उधर भारत ने चाय के आयात को लेकर नये नियम बनाए हैं जो 1 मई से लागू होने वाले हैं। इस नये नियम से लेकर नेपाली निर्यातकों की नींद उड़ गई है। नेपाल के चाय निर्यातकों ने चेतावनी दी है कि भारत के इस फैसले के बाद नेपाल से विदेशी मुद्रा कमाने वाले प्रमुख क्षेत्रों में भारी रूकावट आ सकती है। दरअसल टी बोर्ड इंडिया ने एक नई अधिसूचना जारी की है जिसके मुताबिक 1 मई से भारत आने वाली चाय की सभी खेपों की सख्त जांच की जाएगी जिसमें नेपाल चाय की जांच भी शामिल है। सरकार ने किसी भी देश से आने वाले चाय की सख्त लैब टेस्ट के आदेश दिए हैं जिसका मकसद मिलावट को रोकने और चाय की क्वालिटी को सुनिश्चित करना है।

जो नोटिफिकेशन जारी किया गया है उसके स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (स्ह्क) के तहत आयात की गई हर खेप की सैंपलिंग और टेस्टिंग की जाएगी। हालांकि इंस्टेंट टी और पीने के लिए तैयार चाय (रेडी-टू-ड्रिंक टी) को इससे छूट दी गई है। माना जा रहा है कि दार्जिलिंग के चाय उत्पादकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को माना गया है। वो लंबे समय से शिकायत कर रहे थे कि नेपाल की सस्ती चाय को 'दार्जिलिंग टी' बताकर बेचा जा रहा है जिससे उनका बाजार गिर रहा है। भारत के इस कड़े रुख को उसी 'ब्रांड सुरक्षा' से जोड़कर देखा जा रहा है।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### एमएसपी का पैसा खाते में, गेहूं बेच चुके किसान बैंक के चक्कर लगाने को मजबूर



**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार**● जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने वाले किसानों को नई समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उनके बैंक खातों में गेहूं बिक्री की राशि जमा हो चुकी है, लेकिन वे इसे नकद नहीं निकाल पा रहे हैं। कृषि उपज मंडी स्थित जिला सहकारी बैंक शाखा में पिछले दो दिनों से किसानों की लंबी कतारें लग रही हैं। किसान घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन उन्हें हर बार 'नकद नहीं आया, कल आ जाएगा' का जवाब मिलता है। इस लगातार मिल रहे आश्वासन से किसानों की परेशानी बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि खाते में पैसा होने के बावजूद वे अपनी दैनिक जरूरतों के लिए नकदी नहीं निकाल पा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश लेनदेन अभी भी नकद में होते हैं, जिससे डिजिटल या ऑनलाइन भुगतान हर जगह संभव नहीं है। किसानों ने बताया कि उनके घरों में शादी-ब्याह जैसे कार्यक्रम हैं, जिनके लिए तत्काल नकदी की आवश्यकता है। कुछ किसानों को सोसायटी का ऋण भी जमा करना है, लेकिन नकदी न मिलने के कारण वे समय पर भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। एक किसान ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि खाते में पैसा होने के बावजूद जरूरत के समय नकदी न मिलना व्यर्थ है। वे दो दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे हैं, पर सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। बैंक शाखा पर रोजाना भीड़ बढ़ती जा रही है और किसानों की उम्मीदें टूट रही हैं। यदि जल्द ही नकदी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई, तो किसानों की आर्थिक परेशानी और बढ़ सकती है। किसानों ने बैंक प्रबंधन से तत्काल पर्याप्त नकद राशि उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### 'माखन दादा' की धरोहर के लिए विधायक ने सीएम से की मुलाकात

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● निमाड़ की ऐतिहासिक पहचान कर्मवीर विद्यापीठ को बंद किए जाने की आशंकाओं ने जनआक्रोश और जनजागरण को जन्म दे दिया है। पत्रकार संगठनों, सामाजिक संस्थाओं ने इस संस्थान को बचाने की मांग उठाई है। लोगों ने कहा, यह केवल एक शैक्षणिक केंद्र नहीं, बल्कि खंडवा की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है। पंधाना विधायक छाया मोरे ने इस मुद्दे को उठाते हुए आंदोलन को नई दिशा दी है। उन्होंने बिना किसी राजनीतिक दबाव के स्वयं आगे बढ़कर इस विषय को राज्य स्तर तक पहुंचाया। विधायक मोरे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।



उन्होंने बताया कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का खंडवा स्थित परिसर कर्मवीर विद्यापीठ महान स्वतंत्रता सेनानी और पत्रकार पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की कर्मभूमि से जुड़ी अमूल्य धरोहर है। विधायक ने मुख्यमंत्री के सामने स्पष्ट कहा कि संस्थान को बंद करना निमाड़ के युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय होगा। यह 'माखन दादा' की ऐतिहासिक विरासत के प्रति उपेक्षा भी मानी जाएगी। उन्होंने मांग की कि परिसर को यथावत संचालित रखा जाए और यहां स्थायी, सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण के लिए जल्द कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए संवेदनशीलता के साथ विचार करने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सामाजिक संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि संस्थान को बंद करने की प्रक्रिया आगे बढ़ती है, तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा। हालांकि फिलहाल मुख्यमंत्री के सकारात्मक संकेतों के बाद समाधान की उम्मीद बरकरार है।

### अस्पताल में मरीजों की संख्या 40% बढ़ी, मौसम बदलाव के कारण इजाफा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**मनावर** ● मनावर क्षेत्र और आसपास के इलाकों में मौसम में तेजी से बदलाव के कारण सिविल अस्पताल में मरीजों की संख्या में 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मंगलवार को अस्पताल की ओपीडी में भीषण गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीजों की लंबी कतारें देखी गईं। डॉक्टरों के अनुसार, तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और खांसी जैसे सामान्य लक्षण वाले मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। डॉ. सचिन पाटीदार ने बताया कि भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। मंगलवार सुबह अस्पताल की ओपीडी में



110 से अधिक विभिन्न बीमारियों के मरीज पहुंचे, जिनकी प्राथमिक जांच कर दवाइयां दी गईं। सामान्य दिनों में यह संख्या लगभग 40 से 50 रहती है। डॉ. पाटीदार ने गर्मी से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने लोगों को दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घर के अंदर रहने, नींबू पानी या ओआरएस जैसे तरल पदार्थों का सेवन कर शरीर को हाइड्रेटेड रखने और ढीले-सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी को चक्कर आना, तेज बुखार या अत्यधिक थकान महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए और शरीर को ठंडा रखने का प्रयास करना चाहिए। तेज धूप से बचना और पर्याप्त मात्रा में पानी पीना आवश्यक है। सुबह से ही तेज धूप का प्रकोप शुरू हो जाता है और आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि की संभावना है। डॉक्टरों का मानना है कि इन सावधानियों का पालन करके गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है।

### नगर निगम ने बूचड़खाने को किया बंद, गंदगी से निकलती थी खाल, बनती थी चर्बी



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ●नगर निगम ने शक्कर तालाब क्षेत्र में संचालित सरकारी बूचड़खाने पर प्रतिबंध लगा दिया हैं। निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर डिप्टी कमिश्नर सचिन सिटोले ने आदेश जारी किए हैं। दरअसल, पिछले हफ्ते जिस अवैध कारखाने में बड़ी मात्रा में मवेशियों की खाल व चर्बी से बना तेल जब्त हुआ था, वह बूचड़खाने की गंदगी से बनता था। गंदगी समेटने वाला कारोबारी अब अवैध काम के चलते जेल चला गया हैं। हालात ऐसे हो गए कि, नगर निगम प्रशासन बूचड़खाने की गंदगी साफ नहीं करवा पा रहा हैं। चार-पांच दिनों से सफाई ना होने के चलते दुर्गंध और बढ़ गई हैं। इस कारण इमलीपुरा क्षेत्र के रहवासियों को घूटन होने लग गई। उधर, कांग्रेस ने शहर में हो रही गंदगी के खिलाफ आंदोलन का ऐलान कर दिया। जिसके बाद नगर निगम पर गंदगी साफ करने का दबाव बन आया। नगर निगम ने गंदगी साफ कराने की बजाय बूचड़खाने के संचालन पर ही प्रतिबंध लगा दिया। बूचड़खाने सहित करीब 28 लाइसेंस धारी अब मांस नहीं काट पाएंगे। बूचड़खाने से निकलने वाली गंदगी यानी मवेशियों के अवशेष को अनवर कुरैशी अपने पास रख लेता था। वह इन अवशेषों को समेटकर स्टाक करता और फिर प्रोसेसिंग करके चर्बी से तेल बनाता और इसे प्राइवेट फर्मों को बेचकर मोटा मुनाफा कमाता था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि चर्बी का तेल अनवर के द्वारा बुरहानपुर की टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज, खाल महू की बैग फैक्ट्री और हड्डियों को खंडवा में ही हड्डी कारखाने को सप्लाई करता था। बताते हैं कि, इस कारोबार में अनवर और उसका पूरा परिवार करीब 25 साल से शामिल हैं।

### धार में जल संकट, 6 माह से लीकेज, दूषित पानी हो रहा सप्लाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार**● शहर भीषण गर्मी के बीच गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। इसी बीच, इमली वन क्षेत्र में पिछले छह माह से पाइपलाइन लीकेज के कारण हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। इस लीकेज से दूषित पानी की आपूर्ति की आशंका भी बढ़ गई है, जिससे परेशान होकर स्थानीय लोगों ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया। शहर के कई इलाकों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। वहीं, इमली वन क्षेत्र में पानी की टंकी से जुड़ी एक मुख्य पाइपलाइन में लीकेज है। इससे लगातार पानी बहकर सीधे एक गंदे नाले में जा रहा है, जिससे पानी की भारी बर्बादी हो रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि लीकेज वाली जगह के ठीक बगल में गंदा नाला बहता है। नाले का कचरा और दूषित पानी पाइपलाइन के अंदर जाने का खतरा बना हुआ है। इसके परिणामस्वरूप, घरों तक पहुंचने वाले पानी की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या को लेकर नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों से कई बार शिकायत की थी। हालांकि, उन्हें हर बार केवल आश्वासन मिला और समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। प्रशासन की इस लापरवाही से नाराज होकर क्षेत्र के लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हुए।

### धामनोद में 100 से अधिक पक्षी प्रजातियों की पहचान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धामनोद** ● धामनोद क्षेत्र से प्रकृति प्रेमियों के लिए एक उत्साहजनक खबर सामने आई है। स्थानीय पर्यावरणविद् और बर्ड वॉचर संदीप साधव के किए गए एक विशेष सर्वेक्षण में 100 से अधिक पक्षी प्रजातियों की पहचान की गई है। यह अध्ययन धामनोद के वॉटरलैंड (जल स्त्रोतों) और ग्रासलैंड (घास के मैदानों) दोनों क्षेत्रों पर केंद्रित था। धामनोद अपनी हरी-भरी घाटियों, घने जंगलों और शांत वातावरण के कारण पक्षियों का पसंदीदा बसेरा बना हुआ है। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, यह क्षेत्र न केवल पक्षियों बल्कि औषधीय पौधों और वन्यजीवों के लिए भी समृद्ध है। खास बात यह है कि यह जंगल बाघों के लिए एक मुख्य गलियारा होने के साथ-साथ 93 से अधिक तेंदुओं का घर भी है। यह सर्वेक्षण 'एशियन वाटरबर्ड सेंसस 2026' की तर्ज पर किया गया। पहले पूरे धार जिले में 88 प्रजातियां दर्ज थीं, लेकिन संदीप साधव के अकेले धामनोद के अध्ययन में यह संख्या 100 को पार कर गई है। संदीप ने बताया कि उन्होंने प्रतिदिन केवल एक-एक घंटे का समय निकालकर सर्वेक्षण किया, जिसमें अब तक 108 प्रजातियों की पुष्टि हुई है।

# बीजेपी पार्षद कमलेश कालरा फिर विवादों में, जनसुनवाई में शिकायत, 10 हजार नहीं दिए तो दुकानें तुड़वाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के बीजेपी पार्षद कमलेश कालरा पर फिर गंभीर आरोप लगे हैं। जनसुनवाई में शिकायत हुई कि 7 दुकानदारों से हर महीने 10 हजार रुपए मांगे गए। यानी हर माह 70 हजार की वसूली। राशि नहीं देने पर 7 दुकानों को तुड़वाने का आरोप है।

इंदौर में एक बार फिर वार्ड 65 के बीजेपी पार्षद कमलेश कालरा विवादों में हैं। एक दिन पहले ही कालरा की तीन ऑडियो सामने आईं। अब मंगलवार 28 अप्रैल को निगम की जनसुनवाई में लोगों ने उनके खिलाफ लिखित शिकायत की है। इसमें आरोप है कि हर दुकान से दस हजार प्रति माह मांगे, कुल सात दुकान थी यानी हर माह 70 हजार की मांग थी। नहीं दिए तो 7 दुकानें तुड़वा दीं।

बीजेपी के तत्कालीन एमआईसी मेंबर और पार्षद जीतू जाटव (यादव) के साथ विवाद के कारण चर्चा में आए कमलेश कालरा फिर विवादों में हैं। पहले सोमवार 27



अप्रैल को उन्हें लेकर ऑडियो सामने आई। अब इसी ऑडियो को लेकर जनसुनवाई में शिकायत हो गई।

निगम अधिकारियों को पीड़ितों ने लिखित में आवेदन दिया कि कालरा उनसे खातिवाला टैंक में खुली दुकान से अवैध वसूली चाहते हैं। वह हर महीने दस हजार मांग रहे हैं। मामला वार्ड 65 महाकाल चौराहा खातिवाला टैंक का है, जहां सात दुकानों को हटाया गया है।

**रिमूवल टीम को भेज तुड़वा दी दुकानें**–पीड़ित विजय चौहान ने निगम अधिकारियों से कहा कि हमारे पास रिमूवल टीम आई और कहा कि पार्षद कमलेश कालरा से मिल लो, नहीं तो हमें यह दुकान तोड़ना होगी। हमने जब पार्षद से बात की तो हर महीने दस हजार रुपए दुकान से मांगे गए। मना कर दिया कि इतनी राशि संभव नहीं है, तो फिर उन्होंने रिमूवल गैंग भेजकर दुकानें तुड़वा दीं।

## पहले भी कालरा की ऐसी हो चुकी शिकायतें

कालरा के साथ यह पहला मामला नहीं है। पहले भी रिमूवल के नोटिस भेजने और लोगों को धमकाने और फिर नोटिस रोकने संबंधी शिकायतें हो चुकी हैं। इसी तरह के एक नोटिस को लेकर ही उनका तत्कालीन एमआईसी मेंबर जीतू यादव से विवाद हुआ था, जिसके बाद जीतू के समर्थकों ने गुस्से में आकर उनके घर पर हमला किया था।

**क्या बोल रहे हैं कालरा**–इस संबंध में कालरा से बात करने के लिए द सूत्र ने फोन किया और मैसेज भी भेजा, लेकिन उनका जवाब नहीं आया। हालांकि अन्य मीडिया में आए उनके बयान के अनुसार उन्होंने इन आरोपों को झूठा बताया है।

### ऑडियो में क्या है...

**ऑडियो 1**
इसके पहले एक ऑडियो सामने आई। इसमें मुन्ना नाम का व्यक्ति कालरा से बात कर रहा है।
मुन्ना– काकी आई थी, घर पहुंचा दूं क्या।
कालरा– ऐसे फोन पर बात मत कराया करो, तुम ही बात कर लो, निपट लो
मुन्ना– मेरी बात नहीं मानेंगे
कालरा– तो ठीक है, रुक जाओ सप्ताह भर में जेसीबी आएगी, तो बस मान जाएंगे
मुन्ना– मैं आपको बताता हूं, इनसे बात करके। फोन पर बात नहीं करेंगे।

**ऑडियो 2**
मुन्ना– मैं आया था घर बात करने के लिए। विजय भैया बोल रहे हैं, मिल लेते हैं भैया से
कालरा– कल बुलवा लो, सुबह बात कर लेना, क्यों मिलना चाह रहा है
मुन्ना– वही बात करने दुकान के बारे में, वह बोल रहा है कि नाई को खाली करवा लेंगे और इस दुकान का जो भैया बोलेंगे वह कर लेंगे
कालरा– क्या कर लेंगे
मुन्ना– बोल रहा है कि आधा किराया दे दूंगा भैया
कालरा– अच्छा
मुन्ना– आप तो पूरा लेना, आप तो दुकान की चाबी मांग लेना, मैं कल बुला लेता हूं

**ऑडियो 3**
कालरा– यार मुन्ना तुम रिकॉर्ड करते हो, यह बाजार में रिकॉर्डिंग कैसे आ गई
मुन्ना– मैंने तो कोई रिकॉर्डिंग नहीं की, क्या बात कर रहे हो
कालरा– ऐसे करोगे तो कैसे काम चलेगा, मैंने तो कोई बात ही नहीं की

(दैनिक इंदौर संकेत उक्त आडियो की पुष्टि नहीं करता है)

# प्रदेश कार्यसमिति की सूची आजकल में, अगले माह ओरछा में होगी बैठक

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले- एक से 30 मई तक प्रशिक्षण वर्ग होंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति जल्द आने वाली है। साथ ही इसकी पहली बैठक अगले माह मई में राम राजा की नगरी ओरछा में आयोजित की जाएगी। दरअसल, खंडेलवाल ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंगलवार को दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 को लेकर बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा में यह बात कही है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के लिये कार्ययोजना पर चर्चा की गई है। पार्टी की अपनी कार्यपद्धति है, लगातार यह कार्यक्रम चलते हैं। हर



साल कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 1 मई से 30 मई तक प्रशिक्षण वर्ग होंगे। 11 विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे पहले बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, राज्यसभा सदस्य सुमेर सिंह सोलंकी, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विजय दुबे, प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह और और प्रशिक्षण महाअभियान के पश्चिम मध्य क्षेत्र के जोन प्रभारी केसी पटेल शामिल हुए।

# डेली कॉलेज चुनाव अधिकारी का आदेश : 24 अप्रैल को हो चुका संविधान संशोधन, विरोधी जा रहे हाईकोर्ट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● डेली कॉलेज बोर्ड के चुनाव अब केवल दो कैटेगरी ओल्ड डोनर यानी फाउंडर मेंबर (दो सदस्य) और न्यू डोनर (एक सदस्य) के लिए ही होंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस सुशील गुप्ता ने 21 पेज का लंबा आदेश 27 अप्रैल सोमवार देर रात जारी कर दिया है। इसमें उन्हें मिली सैंकड़ों आपत्तियों का जवाब दिया गया है।

खास बात यही है कि ओडीए (ओल्ड डेलियंस एसोसिएशन- पूर्व छात्र) के चुनाव नहीं होंगे। वहीं नए संविधान के तहत प्राथमिकता से प्रेसिडेंट और सचिव ही बोर्ड में जाएंगे और एक प्रतिष्ठित पूर्व छात्र को भी बोर्ड में लिया जाएगा। चुनाव अधिकारी ने संविधान को लेकर कहा है कि नया संविधान संशोधन मंजूर होने की जानकारी उन्हें सचिव यानी डेली कॉलेज प्रिंसीपल से मिली है। इसमें बताया गया कि 24 अप्रैल को फर्म एंड सोसायटी ने नया संविधान मंजूर कर दिया है। ऐसे में अब पुराने संविधान से चुनाव नहीं करा जा सकते हैं। फर्म एंड सोसायटी एक्ट के तहत नया संविधान अब लागू हो चुका है।



### इतनी मिली आपत्तियां

इसमें सबसे ज्यादा आपत्तियां 552 संविधान संशोधन और चुनाव प्रक्रिया को लेकर मिली हैं। आपत्तियां यह थीं कि चुनाव शेड्यूल 21 अप्रैल को जारी हो चुका था, ऐसे में नया संविधान लागू नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, चुनाव के लिए 90 दिन मिलने चाहिए थे, लेकिन सिर्फ 30 दिन दिए गए हैं। अधिकारी को मिली 552 आपत्तियां में अधिकांश ने संविधान संशोधन को मंजूर भी किया। ओडीए के ही कई सदस्यों ने लिखा कि एसोसिएशन में अलग से चुनाव नहीं होना चाहिए।

चुनाव शेड्यूल भले ही संविधान लागू होने के पहले 21 अप्रैल को जारी हुआ लेकिन चुनाव प्रक्रिया शुरू नहीं हुई थी और ना ही फाइनल वोटर लिस्ट जारी हुई थी। चुनाव अधिकारी इस चुनाव के लिए 31 मार्च को ही नियुक्त हो चुके थे। बोर्ड द्वारा नया संविधान भी 27 जनवरी को मंजूर किया जा चुका था। ऐसे में सभी प्रक्रिया सही तरीके से की जा रही है।

चुनाव अधिकारी ने यह भी कहा कि डेली कॉलेज इंदौर बोर्ड का समय 12 जून तक ही है, ऐसे में 90 दिन देकर चुनाव कराना संभव नहीं है। नए संविधान में 30 दिन की समयसीमा भी मंजूर है। ऐसे में चुनाव शेड्यूल सही है। वहीं, 152 आपत्तियां इस बात पर उठीं कि एफआईआर के कारण संदीप पारिख, अनुराग जैन, रंजीत नामली और मानवीर बैस की सदस्यता ओडीए से रद्द की जाए। ये आपत्तियां एफआईआर के आधार पर उठाई गई थीं। वहीं चुनाव अधिकारी ने इन मांगों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह मामला संविधान से जुड़ा है और इसका चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे में चुनाव अधिकारी सदस्यता पर कोई फैसला नहीं ले सकते।

### अब हाईकोर्ट जाएगी लड़ाई

*उधर विरोधी गुट ने इस मामले में हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर ली है। पूर्व में ही कुछ याचिकाएं लगी हैं। इसके साथ ही चुनाव पर रोक को लेकर भी याचिका लगाने की तैयारी हो चुकी है। इसी सप्ताह यह याचिका दायर की जाएगी। उधर ओडीए ने पहले ही 19 मई को ईओजीएम (एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी जनरल मीटिंग) बुलाई हुई है। इसमें नए संविधान की मंजूरी और ओडीए से निर्वाचन की जगह चयन के बदलाव को लेकर फैसला लिया जाएगा। इस ईओजीएम पर भी सभी की नजरें रहेंगी। यानी अभी डेली कॉलेज बोर्ड की चुनावी लड़ाई (डेली कॉलेज विवाद) जारी रहेगी।*

# राजा रघुवंशी मर्डर केस : सोनम इंदौर आएगी!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को जमानत मिलने की खबर ने परिवार को झकझोर दिया। परिजनों को इस फैसले की जानकारी उनके वकील से नहीं, बल्कि शिलांग पुलिस के एक फोन से मिली। अचानक आई इस खबर के बाद घर का माहौल बदल गया। राजा की मां उमा रघुवंशी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें इस फैसले पर यकीन ही नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनम इस पूरे मामले की मास्टरमाइंड है।

उमा ने कहा, अभी तक तो सुना था कि कानून अंधा होता है आज देखने को भी मिल गया। उन्होंने मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हस्तक्षेप की अपील की है। उमा रघुवंशी ने कहा कि एक मां को अपने बेटे के लिए न्याय की उम्मीद थी, लेकिन इस फैसले ने उन्हें बड़ा झटका दिया है। उन्होंने आशंका जताई कि अगर मुख्य आरोपी को जमानत मिल सकती है, तो



अन्य आरोपियों को भी राहत मिल सकती है। वह जब भी इंदौर आएगी तो मैं उससे पूछूंगी कि मेरे बेटे का क्या कसूर था? क्यों मारा उसे?

**सोनम या उसका भाई मुझ पर करा सकता है हमला**–वहीं, राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने भी कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि सोनम को सोमवार को ही जमानत मिल गई थी, लेकिन उन्हें इसकी जानकारी मंगलवार को शिलांग पुलिस से मिली। चार दिन पहले तक उनके वकील ने भी जमानत मिलने की संभावना से इनकार किया था। विपिन ने आरोप लगाया कि सोनम के परिवार, खासकर उसके भाई गोविंद का उसे पूरा समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि पैसों की ताकत के आगे हम अपने भाई को न्याय नहीं दिला पा रहे हैं। वे सोनम की जमानत रद्द कराने के लिए हाईकोर्ट का रुख करेंगे और जरूरत पड़ी तो शिलांग भी जाएंगे। ऐसे में यदि सोनम वापस जेल जाती है तो भाई गोविंद इसका बदला ले सकता है। विपिन ने आशंका भी जताई कि अगर अपील करने के लिए अगर वह शिलांग जाते है तो सोनम उन पर हमला करा सकती है। यदि मेरे साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसके लिए गोविंद जिम्मेदार होगा। जमानत के आधार पर भी सवाल उठाते हुए विपिन ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कोर्ट ने यह मानते हुए जमानत दी कि गिरफ्तारी के वक्त सोनम को कारण नहीं बताया गया था।

# खंडवा रोड पर दो जगह आग : देर रात आतिशबाजी से मैरिज गार्डन जला, सुबह गोशाला में लगी आग, मवेशी झुलसे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● खंडवा रोड इलाके में देर रात से अलसुबह तक दो अलग-अलग जगहों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं। खंडवा रोड स्थित मैरिज गार्डन में बारात के दौरान आतिशबाजी से आग लगी, जबकि दूसरी घटना में गोशाला में भीषण आग भड़क गई।

पहली घटना पिपल्याराव स्थित राधा कृष्ण गार्डन की है। यहां रात करीब 11:30 बजे बारात के दौरान की गई आतिशबाजी से बाहर लगी झाड़ियां और टेंट में आग लग



गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई, हालांकि मौजूद लोगों ने तुरंत प्रयास कर आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

दूसरी घटना अलसुबह करीब 4:24 बजे अयोध्यापुरी में शांति फार्म हाउस के पास स्थित एक गोशाला में हुई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और करीब 25 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग बुझाने में लगभग 2 घंटे का समय लगा।

दमकल कर्मियों के मुताबिक आग के दौरान गोशाला में कुछ मवेशी फंसे हुए थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि इस दौरान दो मवेशी झुलस गए। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

# सहायक आयुक्त ने सोम डिस्टिलरीज से नहीं वसूले 83 करोड़, जीएसटी कमिश्नर ने किया सस्पेंड

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● भोपाल के सर्कल 5 में पदस्थ प्रभारी सहायक आयुक्त निर्मल परिहार ने सोम डिस्टिलरीज पर जमकर मेहरबानी की है। सोम से जीएसटी वसूली में नरमी बरती और 83 करोड़ की राहत दे दी। बात स्टेट जीएसटी कमिश्नर अनय द्विवेदी तक पहुंची और अब परिहार सस्पेंड कर दिए गए। मध्य प्रदेश में सोम डिस्टिलरीज पर अधिकारी हमेशा ही मेहरबान रहे हैं। पहले आबकारी विभाग के अधिकारी आरोपों में घिरे, अब बारी जीएसटी अधिकारियों की है।



इस पर गाज भोपाल सर्कल 5 में पदस्थ प्रभारी सहायक आयुक्त निर्मल परिहार पर गिरी है। सोम से टैक्स वसूली में पूरे 83 करोड़ की नरमी बरती गई। अब स्टेट जीएसटी कमिश्नर आईएएस अनय द्विवेदी ने उन्हें सस्पेंड कर दिया है। भोपाल सर्कल 5 में रिजस्ट्रेशन यूनिट में मेसर्स सोम डिस्टिलरीज एंड ब्रेवरीज भी शामिल है। आबकारी विभाग ने वित्तीय साल 2025-26 में इस कंपनी को एक बार 234.91 करोड़ रुपए और फिर 192.98 करोड़ रुपए की वेट राशि दी, यानी कुल मिलाकर 427.89 करोड़ रुपए दिए गए।

# बैकफुट पर आईएएस एसोसिएशन : जबलपुर स्मार्ट सिटी के सीईओ अरविंद शाह अकेले पड़े

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**जबलपुर** ● मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक प्रशासनिक विवाद सत्ता, सिस्टम और साख की लड़ाई में बदल गया है। महिला कर्मचारी को फटकार से शुरू हुआ यह मामला अब पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह और जबलपुर स्मार्ट सिटी के सीईओ, आईएएस अरविंद शाह के बीच टकराव की शक्ल ले चुका है।

इस मामले की खबर सामने आते ही प्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया। अब पर्दे के पीछे डैमेज कंट्रोल जारी है, लेकिन इस कोशिश में किसे बचाया जा रहा है और किसे बलि का बकरा बनाया जा रहा है, यही इस कहानी का सबसे बड़ा सवाल है।

27 अप्रैल को जैसे ही 'मंत्री राकेश सिंह ने आईएएस को धमकाया' वाली खबर ने मध्यप्रदेश में हल्ला मच गया। उसी दिन भोपाल में विधानसभा का विशेष सत्र चल रहा था, तब आईएएस एसोसिएशन के सदस्य मंत्री राकेश सिंह से मिलने विधानसभा पहुंच गए। मंत्री ने वहां अपना पक्ष रखा। बोले, मामला जैसा दिखाया जा रहा है, वैसा नहीं है। उन्होंने अरविंद शाह पर महिला कर्मचारी से दुर्व्यवहार का आरोप दोहराया। इस मुलाकात के बाद घटनाक्रम तेजी से पलटने लगा।

सूत्र बताते हैं कि कुछ ही घंटों बाद रात करीब 8 बजे आईएएस एसोसिएशन के सदस्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने पहुंचे। दिलचस्प बात यह रही कि मुख्यमंत्री अपने साथ मंत्री राकेश सिंह को भी लेकर पहुंच गए। इस



बैठक में जो चर्चा हुई, उसने पूरे मामले की दिशा बदल दी।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में आईएएस अरविंद शाह के व्यवहार पर सवाल उठाए गए। उन्हें मूडी अफसर बताया गया। उनके कामकाज की जांच की बात कही गई। वहीं, महिला कर्मचारी की उपस्थिति को लेकर भी अलग-अलग तर्क दिए गए। एक तरफ कहा गया कि वह नियमित ऑफिस आती थीं और ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज है। वहीं दूसरी तरफ यह भी कहा गया कि वह सिर्फ थंब लगाकर चली जाती थीं। कुल मिलाकर, बैठक का नतीजा यह निकला कि किसी तरह इस मामले को शांत किया जाए। यह काम आईएएस एसोसिएशन को सौंपा गया। इस पूरे घटनाक्रम के बाद सबसे ज्यादा सवाल एमपी आईएएस एसोसिएशन की भूमिका पर उठ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि कई आईएएस अधिकारी अंदर ही अंदर नाराज हैं। वे मंत्री के व्यवहार को गलत मानते हैं और अब एसोसिएशन के रवैये से खुश नहीं हैं। यहां तक कहा जा रहा है कि इस मामले में आईएएस लॉबी कमजोर साबित हुई है। तुलना आईपीएस एसोसिएशन से की जा रही है, जहां दूसरे मामले में आईपीएस आयुष जाखड़ के समर्थन में आईपीएस एसोसिएशन ने खुलकर मोर्चा संभाला था। इसके बाद विधायक प्रीतम लोधी को माफी मांगनी पड़ी थी। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या अरविंद शाह अब सिस्टम में अकेले पड़ गए हैं एक दिन पहले तक जो एसोसिएशन उनके समर्थन में था, अब उसने करीब-करीब पल्ला झाड़ लिया है।

हालांकि, कई युवा आईएएस और मैदानी कलेक्टर अरविंद शाह के समर्थन में हैं। वे खुलकर सामने तो नहीं आ रहे, लेकिन आपस में चर्चा कर रहे हैं और अपना समर्थन जता रहे हैं। दिल्ली स्तर पर भी इस मामले पर नजर रखी जा रही है, लेकिन आधिकारिक तौर पर कोई सामने आने को तैयार नहीं है। कई अफसरों से बात की, पर किसी ने ऑन रिकॉर्ड कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है।

### पर्दे के पीछे का दबाव

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, उसी रात आईएएस एसोसिएशन की ओर से अरविंद शाह को फोन किया गया। बातचीत में उनसे कहा गया कि वे राजीनामा करते हुए विवाद खत्म करें, पर शाह ने साफ इनकार कर दिया। उनका कहना था कि जब उन्होंने गलत किया ही नहीं तो वे समझौता क्यों करें? इसके बाद दबाव बढ़ाया गया। उनसे कहा गया कि वे मंत्री के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस करें और मीडिया में चल रही खबरों को भ्रामक बताएं। शाह ने ऐसा करने से भी मना कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, इसके बाद उनसे कहा गया कि महिला कर्मचारी ने शपथ पत्र दिया है और उनके खिलाफ एफआईआर हो सकती है। इस पर शाह का जवाब भी उतना ही सख्त था। बोले, यदि उनके खिलाफ एफआईआर होती है तो वे भी रिपोर्ट दर्ज कराएंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।